# विधान सभा
## राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
## समाचार भाग–1
## (कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)
## मंगलवार, 09 मार्च, 2021 / फाल्गुन 18, 1942 (शक्)

**संख्या–10**

**11.01 बजे श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।**

**1.** 11.01 बजे अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों को शुभकामनायें दी और कहा कि आज सूचीबद्ध कार्य के अतिरिक्त किसी भी कार्य को सदन द्वारा चर्चा के लिए नहीं लिया जाएगा।

**2.** 11.02 बजे **विशेष उल्लेख (नियम–280) :**
अध्यक्ष महोदय ने निर्देश दिया कि निम्नलिखित सदस्यों द्वारा नियम–280 के अंतर्गत उठाये जाने वाले विशेष उल्लेख के मामले पढ़े हुये माने जायें :–

1. श्री अजय महावर
2. श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस
3. श्री जय भगवान
4. श्री अखिलेश पति त्रिपाठी
5. श्री ओम प्रकाश शर्मा
6. श्री संजीव झा
7. श्री सोम दत्त
8. श्री अभय वर्मा
9. श्री पवन कुमार शर्मा
10. श्री मोहन सिंह बिष्ट

**3.** 11.04 बजे **वार्षिक बजट (2021–22)**

**वार्षिक बजट (2021–22) का प्रस्तुतीकरण:**
**श्री मनीष सिसोदिया,** माननीय उप मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2021–22 हेतु राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया।

**4.** 12.37 बजे **वित्त वर्ष 2021–22 हेतु अनुदान मांगें:**
माननीय उप मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2021–22 हेतु सदन में अनुदान मांगें प्रस्तुत की। अध्यक्ष महोदय ने सूचित किया कि इन पर दिनांक 12 मार्च, 2021 को विचार किया जायेगा।

**5.** 12.37 बजे **वित्त वर्ष 2020–21 हेतु अनुपूरक अनुदान मांगों का प्रस्तुतीकरण एवं मतदान:**
माननीय उप मुख्यमंत्री ने वित्त वर्ष 2020–21 हेतु अनुपूरक अनुदान मांगों का पहला तथा अन्तिम भाग प्रस्तुत किया।
अनुपूरक अनुदान मांगों पर मांग–अनुसार विचार किया गया तथा ध्वनि मत से पारित किया गया।

**6.** 12.42 बजे **विनियोजन (संख्या–1) विधेयक, 2021:**
माननीय उप मुख्यमंत्री ने सदन की अनुमति से 'विनियोजन (संख्या–01) विधेयक, 2021' (2021 का विधेयक संख्या 01) को पुरःस्थापित किया।
प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा गया और ध्वनि मत से स्वीकार हुआ।
विधेयक पर खंडवार विचार हुआ।
माननीय उप मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव किया कि विधेयक को पारित किया जाये।
प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा गया और ध्वनि मत से स्वीकार हुआ।

7. 12.44 बजे प्रतिपक्ष के सदस्यों ने दिल्ली परिवहन निगम की बसों की खरीद तथा ए.एम.सी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की मांग की। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि वे इस मुद्दे को धन्यवाद प्रस्ताव तथा वार्षिक बजट पर चर्चा के दौरान उठा सकते हैं।

8. 12.46 बजे प्रतिपक्ष के सदस्यों ने अध्यक्ष महोदय के निर्णय के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया।

9. 12.46 बजे अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों को मोबाईल टेबलेट के वितरण की व्यवस्था के बारे में जानकारी दी। अध्यक्ष महोदय ने माननीय सदस्यों से, सदन द्वारा संचालित किये जाने वाले कार्य से संबंधित दस्तावेजों का अवलोकन करने के लिए मोबाईल टेबलेट को प्रत्येक बैठक में लाने का अनुरोध किया।

10 12.49 बजे **प्रतिवेदन पर सहमति :**
**सुश्री राखी बिडला,** माननीय उपाध्यक्ष ने निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया :
*"यह सदन दिनांक 08 मार्च, 2021 को प्रस्तुत **कार्य मंत्रणा समिति के प्रथम प्रतिवेदन** से सहमत है।"*
*प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा गया तथा ध्वनि मत से स्वीकार हुआ।*

11. 12.49 बजे **वित्तीय समितियों का निर्वाचनः**
**श्री अरविन्द केजरीवाल, माननीय मुख्यमंत्री** ने निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि :
*"दिल्ली विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम–192 (2), नियम–194(2) और नियम–196(2) के अनुसरण में इस सदन के सदस्य 01 अप्रैल, 2021 से आरम्भ होने वाली कार्य अवधि के लिए लोक लेखा समिति, प्राक्कलन समिति और सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से नौ–नौ सदस्यों का निर्वाचन करने हेतु अग्रसर हों।"*
प्रस्ताव को मतदान के लिए रखा गया और ध्वनि मत से पारित हुआ।

12. 12.50 बजे अध्यक्ष महोदय ने श्री जरनैल सिंह, माननीय सदस्य को उनके जन्मदिवस पर बधाई दी।

13. 12.51 बजे **अध्यक्ष महोदय ने सदन की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 10 मार्च, 2021 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की।**

दिल्ली
**09 मार्च, 2021**

सी. वेलमुरूगन
सचिव

# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
## (Brief summary of proceedings)
## Tuesday, 09 March 2021 / 18 Phalgun 1942 (*Saka*)

**No. 10**
**11.01 AM**

**Sh. Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in-Chair**

1. 11.01 AM The Chair greeted Hon'ble Members and stated that no business other than the business listed for the day will be taken up for discussion by the House.

2. 11.02 AM **Special Mention (Rule-280) :**
Hon'ble Speaker directed that the matters to be raised by the following Members under Rule-280 be treated as read :
    1. Sh. Ajay Mahawar
    2. Smt. Pramila Dhiraj Tokas
    3. Sh. Jai Bhagwan
    4. Sh. Akhilesh Pati Tripathi
    5. Sh. Om Prakash Sharma
    6. Sh. Sanjeev Jha
    7. Sh. Som Dutt
    8. Sh. Abhay Verma
    9. Sh. Pawan Kumar Sharma
    10. Sh. Mohan Singh Bisht

3. 11:04AM **ANNUAL BUDGET (2021-22) :**
**Presentation of Annual Budget (2021-22) :**
**Sh. Manish Sisodia, Hon'ble Deputy Chief Minister** presented the Annual Budget of NCT of Delhi for the financial year 2021-22.

4. 12.37 PM **Demands for Grants for the financial year 2021-22 :**
Hon'ble Deputy Chief Minister presented the Demands for Grants for the financial year 2021-22. The Chair informed the House that the same will be considered on 12th March, 2021.

5. 12.37 PM **Presentation and Voting on the Supplementary Demands for the financial year 2020-2021 :**
Hon'ble Deputy Chief Minister presented the First and Final batch of Supplementary Demands for Grants for the financial year 2020-2021.
The Supplementary Demands were considered Demand-wise and passed by voice-vote.

6. 12.42 PM **Appropriation (No.1) Bill, 2021:**
Hon'ble Deputy Chief Minister introduced the 'Appropriation (No.1) Bill, 2021' (Bill No. 01 of 2021) with the leave of the House.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.
The Bill was considered clause-wise.
Hon'ble Deputy Chief Minister moved that the Bill be passed.
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.

7. 12.44 PM The Opposition Members demanded discussion on the issues related to purchase and AMC of buses in Delhi Transport Corporation. The Chair stated that they could raise the issue during discussion on Motion of Thanks and Annual Budget.

8. 12.46 PM The Opposition Members walked out of the House in protest against the decision of the Chair.

9. 12.46 PM The Chair informed about arrangement for distribution of Mobile Tablets to Hon'ble Members. The Chair further requested the Hon'ble Members to bring the Mobile Tablet to every sitting to peruse the documents related to the business conducted by the House.

10. 12.49 PM **Adoption of Report :**
**Ms. Rakhi Birla, Hon'ble Deputy Speaker** moved that :
*"This House agrees with the* ***First Report of the Business Advisory Committee*** *presented to the House on 08th March 2021".*
The Motion was put to vote and adopted by voice-vote.

11. 12.49 PM **Election to Financial Committees :**
**Shri Arvind Kejriwal, Hon'ble Chief Minister** moved the following motion:
*"That the Members of this House do proceed to elect in the manner required under Rule 192(2), Rule 194(2) and Rule 196(2) of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Legislative Assembly of National Capital Territory of Delhi, nine Members each from amongst themselves to serve as Members of the Public Accounts Committee, Estimates Committee and Committee on Government Undertakings beginning from 1st April, 2021".*
The Motion was put to vote and adopted by voice vote.

12. 12.50 PM The Chair greeted Sh. Jarnail Singh, Hon'ble Member on his birthday.

13. 12:51 PM **The Chair adjourned the House upto 11.00 AM on Wednesday, 10 March 2021.**

**Delhi**
**09 March, 2021**

**C. Velmurugan**
**Secretary**